अमर उजाला 10/02/2026

रोजगार के अवसरों की दी जानकारी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में एआई की भूमिका, उनके व्यावहारिक उपयोग और इससे जुड़े विविध रोजगार अवसरों के बारे में जागरूक करना रहा। सत्र के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने सरल और प्रभावी ढंग से बताया कि एआई किस प्रकार शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, व्यापार और दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। इस मौके पर डॉ. गीता कौशिक, डॉ. दिशा अरोड़ा ने संबोधित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने भी बच्चों को जानकारी दी। संवाद